>

Title: Need to undertake flood control measures to prevent annual floods in Uttar Pradesh.

श्री भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी (संत कबीर नगर): मैं इस नियम के तहत एक अति लोक महत्व के विषय में संसद को बताना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के क्षेत्र प्रतिवर्ष बाढ़ की विभीषिका झेलते आ रहे हैं तथा इससे हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि जलमग्न हो जाती है। इस बाढ़ के कारण प्रतिवर्ष किसानों की खड़ी फसल नष्ट हो जाती है तथा किसान को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। यही नहीं किसानों के पशु जो उनकी आजीविका का एक साधन है कुछ तो बाढ़ में बह जाते हैं तथा कुछ बीमारी तथा चारे के वजह से मर जाते हैं।

मेरा सरकार से आग्रह है कि पूर्वांचल के प्रमुख नदियों जैसे घाघरा, राप्ती, बुढ़ी राप्ती, आमी, कुवानो इत्यादि नदियों के तटबंध की मरम्मत कराई जाये तथा कुछ तटबंध निर्माध कर बाढ़ से इस क्षेत्र की जनता को बचाया जाये तथा नई नहरों के द्वारा बाढ़ के पानी को उपयोगी कार्यों के लिए इस्तेमाल किया जाये। वर्षा का मौसम कुछ महीनों में दस्तक देने वाला हे। अतः सरकार से मेरा आग्रह है कि इस अति लोग महत्व के मामले को तुंत कार्यवाही कर आम जनता को होने वाली परेशानियों से निजात दिलाया जाये।